an>

Titel: Regarding power crisis in Barabanki Parliamentary Constituency.

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में उत्तर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था अत्यंत खराब है। प्रदेश सरकार की लचर कार्य प्रणाली के चलते बराबंकी जनपद की विद्युत व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अनेकों बार धरना प्रदर्शन किए गए तथा ज्ञापन के माध्यम से जनपद की विद्युत समस्या में सुधार लाने हेतु अनुरोध किया गया। परंतु समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। निकट भविष्य में इस समस्या के सुधार की कोई संभावना भी नहीं दिखाई पड़ रही है, जिससे क्षेत्र की जनता, कृषकों एवं व्यापारियों को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति जीर्ण-क्षीर्ण होने के कारण क्षेत्र में अराजकता, चोरी, डकैती तथा हत्या जैसे कृतियों को बढ़ावा मिल रहा है। इस समस्या के निराकरण के लिए जनपद में वैकल्पिक ऊर्जा के माध्यम से जनमानस को राहत दिलाए जाने की आवश्यकता है। अतः आपके माध्यम से मेरा सरकार से निवेदन है कि जनपद बाराबंकी में अक्षय ऊर्जा लगाए जाने की अत्यंत आवश्यकता है।